भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 619
(जिसका उत्तर सोमवार, 06 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है)

वेब-3 क्षेत्र का विनियमन

619. श्री विनसेंट एच. पालाः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में वेब-3 क्षेत्र को विनियमित करने के लिए भविष्य के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वेब-3 के विनियमन और संबंधित नीति निर्धारणों के संबंध में उद्योग और संबंधित हितधारकों के साथ विगत काल में कोई परामर्श प्रक्रिया आरंभ की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार वेब-3 पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कोई पहल कर रही है और इस संबंध में उद्योग के साथ जुड़ने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): वेब-3 इंटरनेट की अगली पीढ़ी को संदर्भित करता है, जिसकी विशेषता विकेंद्रीकृत प्रौद्योगिकी और डेटा तथा निजता पर उपयोगकर्ता के नियंत्रण में वृद्धि है। वेब-3 और ब्लॉकचेन से संबंधित प्रौद्योगिकियां अभी भी विकसित हो रही हैं। वर्तमान में, आईटी अधिनियम 2008 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमावली 2022 के प्रावधानों के अलावा वेब-3 के लिए कोई विशिष्ट विनियमन नहीं है। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने ब्लॉकचेन पर राष्ट्रीय कार्यनीति जारी की है। यह दस्तावेज़ प्रौद्योगिकीय और प्रशासनिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करके इस उभरती हुई प्रौद्योगिकी के लाभों का उपयोग करने के लिए भारतीय ब्लॉकचेन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए कार्यनीतियां तैयार करता है और सिफारिशें करता है। कार्यनीति दस्तावेज यहाँ उपलब्ध है https://www.meity.gov.in/content/national-strategy-on-blockchain.

(ग) और (घ) सरकार इन प्रौद्योगिकियों के उद्भव से अवगत है और वेब-3 के संबंध में जागरूकता सृजित करने और पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण के लिए कदम उठा रही है। जुलाई, 2022 में डिजिटल

इंडिया वीक के दौरान एमईआईटीवाई ने 'मेटावर्स एंड वेब-3' पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया था। इसके अलावा, भारत सरकार पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी चुनौतियों को समझने के लिए वेब-3 और संबंधित प्रौद्योगिकियों पर सम्मेलन आयोजित करने में उद्योग का समर्थन कर रही है।

*****